शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

अभ्यास प्रश्न पत्र (मध्यावधि परीक्षा)

सत्रः 2025–26

कक्षा 7

सामाजिक विज्ञान

समय 2 घण्टा 30 मिनट अधिकतम अंकः 60

**सामान्य निर्देश:**

(i) इस प्रश्न पत्र में छः खंड हैं- क, ख, ग, घ, ङ और च। प्रश्न पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) खंड क- प्रश्न संख्या 1.i. से 1.xv तक, बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 1 अंक का है।

(iii) खंड ख- प्रश्न संख्या 2 से 5 तक, अति लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iv) खंड ग- प्रश्न संख्या 6 एवं 7, लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) खंड घ- प्रश्न संख्या 8 एवं 9, दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) खंड ङ - प्रश्न संख्या 10 से 13 तक, केस आधारित प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में 3 उप प्रश्न हैं।

(vii) खंड च- प्रश्न संख्या 14 एक मानचित्र आधारित प्रश्न हैं जो 5 अंकों का है।

(viii) मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर **दृष्टिबाधित विद्यार्थियों** के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

(ix) प्रश्न पत्र में समग्र रूप से कोई विकल्प प्रदान नहीं किया गया है। हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का उत्तर लिखिए।


(x) इसके अलावा जहाँ भी आवश्यक है प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

| प्र.स. | खंड क<br>**बहुविकल्पीय प्रश्न** | अंक 1 x 15=15 |
|---|---|---|
| i. | निम्नलिखित में से कौन सा प्राकृतिक पारितंत्र नहीं है?<br>A. पहाड़<br>B. सड़क<br>C. समुद्र<br>D. वन | 1 |
| ii. | सही मिलान की पहचान कीजिए।<br>A. विश्व पर्यावरण दिवस- 5 जून<br>B. विश्व पर्यावरण दिवस -10 जून<br>C. विश्व पर्यावरण दिवस -15 जून<br>D. विश्व पर्यावरण दिवस -20 जून | 1 |
| iii. | उचित विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br>पृथ्वी की सबसे आंतरिक परत_______ कहलाती है।<br>**विकल्प**<br>A. वायुमंडल<br>B. मेंटल<br>C. पपर्टी<br>D. क्रोड | 1 |
| iv. | निम्नलिखित में से कौन सा/से शैल के प्रकार है?<br>1. अवसादी<br>2. कायंतरित<br>3. आग्नेय<br>**विकल्प**<br>A. केवल 1<br>B. केवल 1 व 2<br>C. केवल 2 व 3<br>D. 1,2,3 सभी | 1 |
| v. | निम्नलिखित में से कौन सी भूकंपीय तरंग नहीं है?<br>A. पी तरंगे<br>B. एस तरंगे<br>C. एल तरंगे<br>D. वाई तरंगे | 1 |
| vi. | निम्नलिखित में से कौन - सी गैस हमें सूर्य की हानिकारक किरणों से बचातीं हैं?<br>A. कार्बन डाईऑक्साइड<br>B. नाइट्रोजन<br>C. ओजोन<br>D. आर्गान | 1 |
| vii. | अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन कब शुरू हुआ?<br>A. 1950<br>B. 1964<br>C. 1974<br>D. 1994 | 1 |
| viii. | निम्नलिखित में से राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है?<br>A. केंद्र सरकार<br>B. राज्य सरकार<br>C. भारतीय उच्च न्यायालय | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | D. भारतीय निर्वाचन आयोग | |
| ix. | भारतीय संविधान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>1. भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान करता है।<br>2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 के तहत अस्पृश्यता को समाप्त कर दिया गया है।<br>3. सार्वजनिक स्थलों को केवल कुछ ही लोगों के लिए आरक्षित किया गया है।<br>**विकल्प**<br>A. केवल 1 सही है।<br>B. केवल 2 सही है।<br>C. केवल 3 सही है।<br>D. केवल 1 व 2 सही हैं। | 1 |
| x. | निम्नलिखित में से कौन सा कथन कोस्टारिका के संदर्भ में सही है?<br>A. कोस्टारिका को मध्य अमेरिका का सबसे स्वस्थ देश माना जाता है।<br>B. कोस्टारिका अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा सेना पर खर्च करता है।<br>C. कोस्टारिका में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है।<br>D. कोस्टारिका में शिक्षा को महत्वपूर्ण नहीं माना है। | 1 |
| xi. | नीचे दो कथन, कथन (I) और कथन (II) के रूप में दिए हैं। दोनों कथनों को पढिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>कथन (I): भारत में केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है।<br>कथन (II) : भारत में केवल निजी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध है।<br>**विकल्प**<br>A. कथन (I) और कथन (II) दोनों सही है।<br>B. कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत है।<br>C. कथन (I) सही और कथन (II) गलत है।<br>D. कथन (I) गलत और कथन (II) सही है। | 1 |
| xii. | निम्नलिखित में से किस शासक का संबंध खिलजी वंश से है?<br>A. गयासुद्दीन बलबन<br>B. अलाउद्दीन खिलजी<br>C. गयासुद्दीन तुगलक<br>D. कुतुबुद्दीन ऐबक | 1 |
| xiii. | सुलह कुल की नीति का प्रतिपादन किसने किया?<br>A. अकबर<br>B. जहांगीर<br>C. शाहजहां<br>D. औरंगज़ेब | 1 |
| xiv. | नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A)और कारण(R) कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br><br>**अभिकथन (A):** गुर्जर प्रतिहार राष्ट्रकूट और पाल वर्षों के शासक सदियों तक कन्नौज के ऊपर नियंत्रण को लेकर आपस में लड़ते रहे।<br>**कारण(R):** कन्नौज के ऊपर शासन की लड़ाई लंबी चली एवं इस लड़ाई में तीन पक्ष थे इसीलिए इतिहासकारों ने इस त्रिपक्षीय संघर्ष के रूप में प्रस्तुत किया।<br>**विकल्प**<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण(R) दोनों सही है एवं कारण(R),अभिकथन(A)की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण(R) दोनों सही है परंतु कारण,अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण(R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है एवं कारण(R) सही है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| xv. | नीचे दो कथन, कथन (I) और कथन (II) के रूप में दिए हैं। दोनों कथनों को पढिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>कथन (I): पांडुलिपियाँ इतिहास के स्रोत हैं।<br>कथन (II) : अभिलेखागार में पांडुलिपियों को सुरक्षित रखा जाता है।<br>**विकल्प**<br>A. कथन (I) और कथन (II) दोनों सही है।<br>B. कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत है।<br>C. कथन (I) सही और कथन (II) गलत है।<br>D. कथन (I) गलत और कथन (II) सही है। | 1 |
| | **खंड ख**<br>**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** | **4x2=8** |
| 2. | इतिहास के काल विभाजन को लेकर इतिहासकारों का क्या नजरिया होता है? वर्णन कीजिए। | 2 |
| 3. | A. मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>B. भारतीय संविधान समानता को किस प्रकार सुनिश्चित करता है? | 2<br><br>2 |
| 4. | A. स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व का विश्लेषण कीजिए।<br>अथवा<br>B. सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा एवं निजी स्वास्थ्य सेवाओं के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। | 2<br><br>2 |
| 5. | वस्तु विनिमय प्रणाली का विश्लेषण कीजिए। | 2 |
| | **खंड ग**<br>**लघु उत्तरीय प्रश्न** | **2x3=6** |
| 6. | A. नदियों के कोई तीन कार्य लिखिए।<br>अथवा<br>B. हिमनद के कोई तीन कार्य लिखिए। | 3<br><br>3 |
| 7. | A. यदि 1920 के दशक में आपका जन्म समोआ द्वीप पर हुआ होता तो आपसे किस प्रकार की भूमिकाओं की अपेक्षा की जाती। वर्णन कीजिए ।<br>अथवा<br>B. घरेलू कार्य के महत्व का विश्लेषण कीजिए। | 3<br><br>3 |
| | **खंड घ**<br>**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** | **2x5=10** |
| 8. | A. वायुमंडल की विभिन्न परतों की व्याख्या कीजिए।<br>अथवा<br>B. वायुमंडल के संघटन का वर्णन कीजिए। | 5<br><br>5 |
| 9. | अलाउद्दीन खिलजी की भू राजस्व प्रणाली की समीक्षा कीजिए। | 5 |
| | **खंड ड़**<br>**केस आधारित प्रश्न** | **4x4=16** |
| 10. | **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>भारत के हर राज्य में एक विधानसभा है। हर राज्य कई निर्वाचन क्षेत्रों में बँटा हुआ है। हर निर्वाचन क्षेत्र से जनता एक प्रतिनिधि चुनती है जो विधानसभा का सदस्य यानी विधायक बन जाता है। आपने ध्यान दिया होगा कि चुनाव में लोग अलग-अलग पार्टियों के नाम से खड़े होते हैं। इसलिए ये विधायक अलग-अलग राजनीति क दलों के होते हैं।<br>**10.1. किसी राज्य के लिए कानून बनाने वाली सर्वोच्च संस्था का नाम बताइए। 1**<br>**10.2: विधान सभा के सदस्यों का चुनाव कौन करता है? 1**<br>**10.3: राज्य को छोटे-छोटे क्षेत्रों में क्यों विभाजित किया गया है? व्याख्या कीजिए। 2** | 4 |

11. **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 4




प्रमुख वायुदाब पेटियाँ

**11.1: हॉर्स अक्षांश (Horse Latitudes) की सीमा का उल्लेख कीजिए।** **1**
**11.2: व्यापारिक पवनें (Trade Winds) क्या हैं?** **1**
**11.3: भूमध्यरेखीय क्षेत्र में निम्न दाब क्यों पाया जाता है?** **2**

12. **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 4

चंगेज़ ख़ान के नेतृत्व में मंगोलों ने 1219 में उत्तर-पूर्वी ईरान में ट्रांसऑक्सियाना (आधुनिक उज़्बेकिस्तान) पर हमला किया और इसके शीघ्र बाद ही दिल्ली सल्तनत को उनका धावा झेलना पड़ा। अलाउद्दीन ख़िलजी और मुहम्मद तुग़लक़ के शासनकालों के आरंभ में दिल्ली पर मंगोलों के धावे बढ़ गए। इससे मजबूर होकर दोनों ही सुल्तानों को एक विशाल स्थायी सेना खड़ी करनी पड़ी। इतनी विशाल सेना को सँभालना प्रशासन के लिए भारी चुनौती थी।


**12.1: चंगेज़ ख़ान कौन था?** **1**
**12.2: चंगेज़ ख़ान ने दिल्ली पर किसके शासनकाल में आक्रमण किया?** **1**
**12.3: सल्तनत के शासकों को बड़ी स्थायी सेना खड़ी करने की आवश्यकता क्यों पड़ी?** **2**

13. **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 4

भारत में बड़ी संख्या में डॉक्टर, दवाखाने और अस्पताल हैं। देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओ को चलाने का पर्याप्त अनुभव और ज्ञान भी उपलब्ध है। ये ऐसे चिकित्सालय और स्वास्थ्य केंद्र हैं जिन्हें सरकार चलाती है। सरकार अपनी जनसंख्या के एक बड़े भाग की देखभाल करने में समर्थ है जो सैकड़ों और हज़ारों गाँवों में फैली हुई है। साथ ही चिकित्सा विज्ञान में बहुत असाधारण प्रगति हुई है जिसके चलते देश में इलाज की नई तकनीकें और विधियाँ उपलब्ध हैं।

**13.1. हमें स्वास्थ्य सुविधाओं की क्या आवश्यकता है?** **1**
**13.2. विज्ञानं की प्रगति ने चिकित्सा सुविधाओं में किस प्रकार सहायता पहुंचाई?** **1**
**13.3. सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएँ सरकार द्वारा चलाना क्यों आवश्यक हैं?** **2**

| | | |
|---|---|---|
| | **खण्ड च**<br>**मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न** | 5 |
| 14. | भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं पांच को उपयुक्त चिन्हों की सहायता से दर्शाइए।<br>I. दिल्ली<br>II. आगरा<br>III. मथुरा<br>IV. प्रयाग (प्रयागराज)<br>V. कन्नौज<br>VI. राजस्थान | 5x1=5 |
| | **निम्नलिखित प्रश्न,प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों हेतु हैं।**<br>14.1 राष्ट्रकूट वंश की स्थापना किसने की?<br>14.2 उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में आगरा अवस्थित है।<br>14.3 उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में मथुरा अवस्थित है।<br>14.4 उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में प्रयाग (प्रयागराज) अवस्थित है।<br>14.5 उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में कन्नौज अवस्थित है।<br>14.6 चोल शासन के अंतर्गत किसानों की बस्तियां क्या कहलाती थी? | <br>1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |


भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
Tropic of cancer
Scale
1cm=175 Kms (approx)